2012

Course : B.C.A. (2nd YEAR)

Composition : Hindi Time

: 3 hours

Full Marks : 100

Candidates are required to give their answers in

their own words as far as practicable.

1. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर दीजिए : 15x3=45

(क) 'यशोधरा' में सिद्धार्थ के महानिनिष्क्रमण की प्रेरक परिस्थितियों का

गुप्त जी ने मार्मिक वर्णन किया है। इस उक्ति का परीक्षण कीजिए।

(ख) यशोधरा के विरह–वर्णन की विशेषताएँ बताइए।

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(ग) 'कुरुक्षेत्र' काव्य में मुख्य समस्या क्या हैं? दिनकर ने उस

समस्या का चित्रण किस प्रकार किया है?

(घ) 'कुरुक्षेत्र' के युधिष्ठिर का चरित्रांकन कीजिए।

(ङ.) 'यज्ञ' अथवा 'हमारा सांस्कृतिक पतन' शीर्षक निबंध में वर्णित लेखकीय

विचारों का प्रतिपादन कीजिए।

2. निम्नांकित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

10x3=30

(क) मरने की जग जीता है।
रिसता है जो रन्ध्रपूर्ण घट,
भरा हुआ भी रीता है।

(ख) पड़ी रह तू मेरी भव–भुक्ति!
मुक्ति हेतु जाता हूँ यह मैं, मुक्ति, मुक्ति, बस मुक्ति।
मेरा मानस–हंस सुनेगा और कौन सी युक्ति?
मुक्ताफल निर्द्वन्द्व चुनेगा, चुन ले कोई शुक्ति।

(ग) उस सत्य के आघात से
हैं झनझना उठती शिराएँ प्राण की
असहाय–सी, सहसा विपंची पर लगे कोई
अपरिचित हाथ ज्यों। वह तिलमिला उठता, मगर,
हैं जानता इस चोट का उत्तर न उसके पास हैं।

(घ) क्षमा शोभती उस भुजंग को,
जिसके पास गरल हो।
उसको क्या जा दन्तहीन
विषरहित, विनीत, सरल हो।

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(ङ) हएदी जब तक नहीं लगती, तब तक श्वेत–से–श्वेत वस्त्र अपरिधेय ही बना रहता हैं। हल्दी जब तक नहीं, तब तक कौमार्य अपरिधेय ही रहता हैं। हल्दी जब तक नहीं पड़ता तब तक रसवती अप्रेय ही रहती हैं।

(च) आप धर्म की रक्षा करो धर्म आपकी रक्षा करेगा। उसका असली तात्पर्य यही है कि हम पर्यावरण के इन विभिन्न स्तरों को परिशुद्ध बनाये रखें और उनमें आपस में एक सामंजस्य बना रहे।

3- निम्नांकित लघु उत्तरीय प्रश्नो में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए :

5x3=15

(क) 'यशोधरा' में गुप्र जी भाषा।

(ख) 'कुरुक्षेत्र' का षष्ठ सर्ग।

(ग) निबंध के प्रकार।

(घ) काका कालेलकर का यात्रा–वृत।

(च) राहुल–यशोधरा का संवाद।

(छ) चम्पू काव्य।

4- निम्नांकित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1 x 10

(i) 'कुरुक्षेत्र' में कितने सर्ग हैं?

(ii) 'यशोधरा' में नंद और महाप्रजापती कौन हैं?

(iii) 'सप्रसागर महादान' किसकी रचना हैं?

(iv) हरिशंकर परसाई किस प्रकार के लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं?

(v) विद्यानिवास मिश्र किस साहित्यिक विधा के लिए जाने जाते हैं?

(vi) 'आओ हो बनवासी' किसक उक्ति हैं?

DOWNLOADED FROM PPULearn.com

(vi) 'भारत–भारती' किसकी रचना हैं ?

(vii) सबसे बड़ा धर्म हैं नर का, सदा प्रज्वलित रहना' किस पुस्तक की पंक्ति हैं,

(ix) 'रसवंती' किसी रचना हैं ?

(x) आई हुई मृत्यु किसके इशारे पर ठहर गई थी ?

----------------------- x ---------------------

DOWNLOADED FROM PPULearn.com